MA-4th Sem.

*Total number of printed pages–8*

**14 (HIN–4) 4016**

# 2022

# HINDI

Paper : HIN–4016

***(Ādhunik Kāvya–II)***

***( आधुनिक काव्य–II )***

*Full Marks : 64*

Time : Three hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. सही विकल्प का चयन करते हुए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'उर्वशी' महाकाव्य के लिए रामधारी सिंह 'दिनकर' को किस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

*(i)* 1968 ई०

*(ii)* 1970 ई०

*(iii)* 1972 ई०

*(iv)* 1974 ई०

*Contd.*

(ख) 'दूसरा सप्तक' के संकलित कवि नहीं है—

*(i)* भवानी प्रसाद मिश्र

*(ii)* शकुन्त माथुर

*(iii)* सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

*(iv)* नरेश मेहता

(ग) "और विजय क्या है?
एक लम्बा और धीमा
और तिल-तिलकर फलीभूत
होने वाला आत्मघात"
— ऐसा किसने कहा है?

*(i)* युयुत्सु

*(ii)* युधिष्ठिर

*(iii)* अश्वत्थामा

*(iv)* संजय

(घ) 'कितनी शान्ति! कितनी शान्ति!' शीर्षक कविता किस काव्य-संग्रह में संगृहीत है?

*(i)* बावरा अहेरी

*(ii)* इन्द्रधनु रौंदे हुए ये

*(iii)* हरी घास पर क्षण भर

*(iv)* कितनी नावों में कितनी बार



(ङ) निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?

*(i)* युग की गंगा — नागार्जुन

*(ii)* सपना अभी भी — धर्मवीर भारती

*(iii)* नींद के बादल — केदारनाथ अग्रवाल

*(iv)* भूरी-भूरी खाक धूल — मुक्तिबोध

(च) "समस्या युद्ध की हो अथवा प्रेम की, कठिनाइयाँ सर्वत्र समान हैं।" — यह उक्ति किसकी है?

*(i)* धर्मवीर भारती

*(ii)* रामधारी सिंह 'दिनकर'

*(iii)* आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

*(iv)* डॉ० बच्चन सिंह

(छ) प्रेत बने प्राइमरी स्कूल के मास्टर की तनख्वाह कितनी थी?

*(i)* बीस रुपये

*(ii)* तीस रुपये

*(iii)* चालीस रुपये

*(iv)* पचास रूपये

(ज) ''घृणा के उस नये कालिय नाग का दमन अब क्या कृष्ण कर पायेंगे?''

— यहाँ कौन-से बिम्ब की योजना की गयी है?

*(i)* दृश्य बिम्ब

*(ii)* स्पर्श बिम्ब

*(iii)* आद्य बिम्ब

*(iv)* असुन्दर बिम्ब

(झ) 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' का प्रकाशन-वर्ष है —

*(i)* 1962ई०

*(ii)* 1964ई०

*(iii)* 1976ई०

*(iv)* 1980ई०

(ञ) ''हर ऐसी मनहर मूँदरी को
मीनों ने चंचल आँखों से''

— यहाँ 'मुँदरी' शब्द का अर्थ है —

*(i)* मोती

*(ii)* फूल

*(iii)* अंगूठी

*(iv)* माला



2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×7=14

(क) 'उर्वशी' के तृतीय अंक के आधार पर नायक पुरुखा की *किन्हीं* दो चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) ''नियति नहीं हैं पूर्वनिर्धारित—
उसको हर क्षण मानव-निर्णय बनाता-मिटाता है''

— प्रस्तुत पंक्तियों में ध्वनित दार्शनिक विचारधारा का खुलासा कीजिए।

(ग) ''तमक कर दामिनी बोली :
'अरे यायावर, रहेगा याद?'''

— ऐसा क्यों कहा गया?

(घ) 'अंधायुग' में अश्वत्थामा और युयुत्सु क्रमशः किस-किसके प्रतीक हैं?

(ङ) ''ईश्वरीय जग भिन्न नहीं है इस गोचर जगती से;
इसी अपावन में अदृश्य वह पावन सना हुआ है।''

— प्रस्तुत पंक्तियाँ किसने किससे और क्यों कही?

(च) 'अपना चेहरा' शीर्षक कविता की *किन्हीं* दो भावपक्षीय विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) "दुःख तुम्हें भी है,

दुःख मुझे भी।

हम एक ढहे हुए मकान के नीचे

दबे हैं।"

— उक्त पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) "मर्त्य नर को देवता कहना मृषा है,

देवता शीतल, मनुज अंगार है।"

— प्रस्तुत पंक्तियों के प्रसंग का उल्लेख करते हुए देवता और मनुज के अन्तरों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'अंधायुग' गीतिनाट्य के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) "किन्तु हम हैं द्वीप। हम धारा नहीं हैं।

स्थिर समर्पण है हमारा। हम सदा से द्वीप हैं स्रोतस्विनी के।

किन्तु हम बहते नहीं हैं।"

— उक्त पंक्तियों का संदर्भ-सहित आशय स्पष्ट कीजिए।



(घ) 'तुम्हारे हाथों में' शीर्षक कविता में निहित मूलभूत संवेदना पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×1=10

(क) "मेरा दायित्व वह स्थित रहेगा

हर मानव-मन के उस वृत्त में

जिसके सहारे वह

सभी परिस्थितियों का अतिक्रमण करते हुए

नूतन निर्माण करेगा पिछले ध्वंसों पर!

मर्यादायुक्त आचरण में

नित नूतन सृजन में

निर्भयता के

साहस के

ममता के

रस के

क्षण में

जीवित और सक्रिय हो उठूँगा मैं बार-बार!"

(ख) कहाँ गया धनपति कुबेर वह
कहाँ गयी उसकी वह अलका
नहीं ठिकाना कालिदास के
व्योम-प्रवाही गंगाजल का,
ढूँढ़ा बहुत परन्तु लगा क्या
मेघदूत का पता कहीं पर,
कौन बताए वह छायामय
बरस पड़ा होगा न यहीं पर,
जाने दो, वह कवि कल्पित था,

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : $10 \times 2 = 20$

(क) " 'उर्वशी' का तृतीय अंक इस महाकाव्य का कंठहार-सदृश है। नर-नारी की चिरंतन समस्याओं को पुरुखा-उर्वशी के आख्यान के माध्यम से उभारा गया है।" — प्रस्तुत कथन पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(ख) पठित कविताओं के आधार पर केदारनाथ अग्रवाल के प्रमुख काव्य-स्वरों पर प्रकाश डालिए।

(ग) काव्य-संवेदना और शिल्प की दृष्टि से अज्ञेय-कृत 'बावरा अहेरी' शीर्षक कविता की समीक्षा कीजिए।

(घ) पठित कविताओं के आधार पर मुक्तिबोध-काव्य के कलापक्षीय सौन्दर्य का आकलन कीजिए।

---